my city # हम लोग

764 विद्यार्थियों को प्रदान कीं डिग्रियां

कुंडली स्थित निफ्टम में धूमधाम से आयोजित किया गया पांचवां दीक्षांत समारोह

संवाद न्यूज एजेंसी

सोनीपत। कुंडली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (निफ्टम) का पांचवां दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया।

समारोह में अतिथि के रूप में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (एमओएफपीआई) की सचिव अनीता प्रवीण, अतिरिक्त सचिव मिन्हाज आलम, निफ्टम के बोर्ड ऑफ गर्वनर्स (बीओजी) के अध्यक्ष एवं बीटस पिलानी के ग्रुप कुलपति प्रो. वी रामगोपाल राव, हल्दीराम समूह के प्रबंध निदेशक पंकज अग्रवाल व निफ्टम के निदेशक डॉ. एचएस ओबेरॉय ने शिरकत की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एचएस ओबेरॉय ने संस्थान की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि निफ्टम ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए अपने दायित्व को पूरा करने की दिशा में सराहनीय प्रगति की है। दीक्षांत समारोह दो साल के बाद आयोजित किया गया था। इसमें 764 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इसमें 408 बी.टेक, 233 एम.टेक, 84 एमबीए के विद्यार्थी और 39 पीएचडी विद्वान शामिल रहे। संस्थान के पांच अलग-अलग विभागों से संबंधित डिग्री प्रदान करने की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले विद्यार्थियों को एम.टेक और पीएचडी डिग्री प्रदान की गई।

निफ्टम के पांचवें दीक्षांत समारोह में निदेशक डॉ. एचएस ओबेरॉय व अतिथियों के साथ डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। स्रोत : संस्थान

संस्थान के पांच अलग-अलग विभागों से संबंधित विद्यार्थियों को प्रदान की डिग्रियां

संस्थान निदेशक ने बताया कि दो वर्षों के दौरान 36 नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं और 24 ऐसी प्रौद्योगिकियां अपने विविध हितधारकों को हस्तांतरित की हैं। संस्थान ने इंटर्नशिप, नौकरी प्लेसमेंट व अनुसंधान साझेदारी का समर्थन करने वाली प्रमुख खाद्य कंपनियों के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। 40 से अधिक स्टार्ट-अप शुरू करके छह राज्यों में ग्रामीण आजीविका उद्यमिता परियोजनाओं के साथ साझेदारी कर नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा दिया है। निफ्टम के बीओजी के अध्यक्ष प्रो. वी रामगोपाल राव ने विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्री प्रदान की। उन्होंने सभी स्नातक विद्यार्थियों को बधाई दी और संस्थान के सर्वांगीण विकास पर संतुष्टि व्यक्त की।

लोभ ...
पर प्रभ...

सोनीपत। ... नेपाल केस... महाराज ... स्वाभाविक ... प्रवृत्ति है, ... क्षेत्र पर प... भौतिक ला... बल्कि म... स्वार्थपूर्ण ... चीजों की ... मानसिक ... व संतुलन ...

डॉ. म... स्थित श्रीए... चातुर्मास ... प्रवचन क... कि लोभ ... व्यक्ति के... स्थिति व ... करता है। ... बजाय अस... है। लोभ ... वस्तुओं य... बल्कि मा... अन्य प्रका... भी प्रकट ...

Hota, Odissi Danseuse, Founder, Rays of Wisdom Society.

Indian Express 15th Nov.

CONVOCATION—NIFTEM-K

The 5th convocation of NIFTEM-K was held recently, with prominent dignitaries including Smt. Anita Praveen (Secretary, MoFPI), Prof. V. Ramgopal Rao (Chairman, BoG, NIFTEM-K), Minhaj Alam (Additional Secretary, MoFPI), Pankkaj Agarwal (Managing Director, Haldiram), and Dr. H.S. Oberoi (Director, NIFTEM-K) in attendance. After a gap of two years, 764 students, including 408 B.Tech, 233 M.Tech, 84 MBA, and 39 PhD scholars, were awarded degrees.